जगदम्बे शेरावाली | by Nidhi Singh

जगदम्बे शेरावाली
आये हम बन के सवाली
करने तुम्हारा दीदार
हमारा भी करना बेडा पार
माँ हमारा भी करना बेडा पार
लेकर पूजा की थाली
एक माला फूलो वाली
करने तुम्हारा श्रृंगार
हमारा भी करना बेडा पार
माँ हमारा भी करना बेडा पार

पहले तो गंगा जल से तुमको स्नान कराएं
साडी बनारस वाली फिर माँ तुमको पहनाएं
केला का गजरा सुन्दर तेरे बालों में लगाए
चुनर माँ जयपुर वाली,
जिसमे गोटे की किनारी
उड़ाकर करेंगे दीदार
हमारा भी करना बेडा पार
जगदम्बे शेरावाली .....

बिंदी मस्तक पे लगाकर मेहँदी हाथो में लगाऊं
लाली होंठों पे लगाकर पैसल तुमको पहनाऊं
कुण्डल कानो में अरमा कजरा नैनो में लगाऊं
चूड़ी नगीने वाली, पायल चांदी की निराली
छन छनके जिसमे झंकार
हमारा भी करना बेडा पार
जगदम्बे शेरावाली .....

फिर चन्दन की चौकी पर आसन रेशम का बिछा के
तेरी नज़र उतारूं उस पर माँ तुझे बिठाके
पूजा मैं करूँ तुम्हारी , दीपक घी के माँ जला के
और माँ बजा के ताली
गाऊं मैं भेंटें निराली
करदे दीवाना ये पुकार
हमारा भी करना बेडा पार
जगदम्बे शेरावाली .....

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%9c%e0%a4%97%e0%a4%a6%e0%a4%ae%e0%a5%8d%e0%a4%ac%e0%a5%87-%e0%a4%b6%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a4%be%e0%a4%b5%e0%a4%be%e0%a4%b2%e0%a5%80-by-nidhi-singh/